<u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

दिनाक : 09.02.2015

–: <u>प्रेस–नोट</u> :–

आयोग द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–II व ग्रेड III प्रतियोगी परीक्षा 2013 की परीक्षा **<u>संयुक्त रूप से दिनांक 21.02.2015 (शनिवार) को प्रातः 11.00 बजे से 01.00 बजे तक एवं दोपहर 3.00 बजे से 5.00 बजे तक दो सत्रों में अजमेर एवं जयपुर</u>** जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जा रही है।

उक्त परीक्षा के प्रवेश–पत्र मय उपस्थिति–पत्र के आयोग के वेबपोर्टल https://rpsconline.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर दिये गये है। अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग के वेबपोर्टल से आवेदन–पत्र क्रमांक (Application I.D.) से डाउनलोड कर सकता है। अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर एक फोटो एवं कोई फोटो पहचान–पत्र अपने साथ अवश्य लेकर आवे।

अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा केन्द्र हेतु अजमेर, जोधपुर एवं उदयपुर संभाग के आवेदन पत्र में भरे गये जिले वाले अभ्यर्थियों को **अजमेर केन्द्र**, एवं बीकानेर, जयपुर, कोटा एवं भरतपुर संभाग के आवेदन पत्र में भरे गये जिले वाले अभ्यर्थियों को **जयपुर केन्द्र** आवंटित किया गया है।

(नरेश कुमार ठकराल)
सचिव